Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to repair llthan Pada Dam situated in Digha in Thane Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की तरफ दिलाना चाहता हूं । रत्नागिरी के अंतर्गत आने वाले चिपलून के तिवरे डैम की सुरक्षा दीवार कुछ दिन पूर्व भारी बरसात में टूटने के कारण लगभग दो दर्जन से भी अधिक लोगों की जानें चली गईं ।

महाराष्ट्र के मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे के अंतर्गत आने वाले नवी मुंबई के दिघा स्थित इलठण पाडा डैम भी खतरनाक स्थिति में है । यह डैम ब्रिटिश कालीन है, जो लगभग 165 वर्ष पुराना है । रेलवे के लिए बनाया गया यह पहला डैम था । देश में पहला रेलवे मार्ग शुरू होने पर इसका निर्माण कराया गया था ।

हालांकि उक्त डैम को नवी मुंबई महानगर पालिका को स्थानांतरित किए जाने के लिए नवी मुंबई मनपा प्रशासन ने कई बार मांग पत्र भी दिया, लेकिन 20 वर्षों से अब तक रेलवे प्रशासन ने इस संदर्भ में कोई निर्णय नहीं लिया है । इस क्षेत्र का सांसद होने के नाते मैंने भी रेलवे प्रशासन और नवी मुंबई मनपा के अधिकारियों के साथ दिल्ली में तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु एवं वर्तमान रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल जी से भी मुलाकात कर पत्र दिया था ।

डैम के नीचे तकरीबन 25 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं । यह डैम काफी वर्ष पुराना होने की वजह से पूरी तरह से जर्जर हो चुका है । बारिश के समय खतरा ज्यादा बढ़ने के कारण यह कभी भी गिर सकता है और काफी लोगों की जान जा सकती हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री से फिर से मांग करता हूं कि नवी मुंबई के द◌िघा स्थित इलठण पाडा डैम को नवी मुंबई मनपा प्रशासन को

स्थानांतरित किया जाए, ताकि वह इसका मरम्मतीकरण कर सके और डैम के पानी को उपयोग में लाया जा सके ।

माननीय सभापति: श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल : उपस्थित नहीं ।

श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर ।